केन्द्रीय विद्यालय खिचड़ीपुर

ब्लॉक नं० 6, खिचड़ीपुर, दिल्ली-110091

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

संदेशवाहिका 2018-19

संरक्षक

श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव
(प्राचार्य)

संयोजक

श्रीमती अनुपमा
(मुख्याध्यापिका)

संपादकीय मण्डल

श्रीमती समीक्षा
श्रीमती अनुराधा सिंह
श्रीमती विजय कुमारी

प्राचार्य की कलम से....

केन्द्रीय विद्यालय खिचड़ीपुर के प्राथमिक विभाग द्वारा प्रकाशित न्यूनतम साझा कार्यक्रम (CMP) के अंतर्गत प्रकाशित होने वाली 'समाचार पत्रिका' में नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। ये विद्यार्थी उस कच्ची मिट्टी की भाँति हैं जिन्हें अनेक साँचों में सरलता से ढाला जा सकता है। यह पत्रिका छात्रों को एक ऐसा सशक्त मंच प्रदान करती है जिससे उनकी बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक एवं तार्किक शक्ति में अभिवृद्धि होती है। प्रत्येक शैक्षणिक एवं पाठ्य-सहगामी क्रियाओं द्वारा उनकी सृजनात्मकता तथा मानसिक क्षमता का विकास ही हमारा महत्वपूर्ण ध्येय है। भविष्य में भी हमारे अध्यापक-अध्यापिकाएँ सदैव इन छात्रों के विकास और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रतिबद्ध रहेंगे। हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई।

श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव
प्राचार्य

संदेश

केन्द्रीय विद्यालय खिचड़ीपुर के प्राथमिक विभाग द्वारा प्रकाशित न्यूनतम साझा कार्यक्रम (CMP) की समाचार-पत्रिका विद्यार्थियों में एक रचनात्मक तथा सकारात्मक सोच का विकास करती है। यही सोच छात्रों के पूर्ण व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती है। यह पत्रिका ऐसा माध्यम है जो छात्रों की कल्पनाशक्ति व सृजनशीलता को एक नई उड़ान प्रदान करती है जिसमें हमारे अध्यापक / अध्यापिकाएँ उनका उचित मार्गदर्शन करके न केवल उनके कौशल में वृद्धि करते हैं अपितु उसे सही अर्थवत्ता देकर उनकी प्रतिभाओं को गत्यात्मक विकास एवं मौलिक दृष्टि भी प्रदान करते हैं। मैं आशा करती हूँ कि यह पत्रिका छात्रों की लेखनी एवं कला का सम्मान करते हुए प्रगति के अनगिनत द्वार खोले तथा छात्र अपनी मंजिलों को प्राप्त करें।

राास्ता भी हमारा है, मंजिल भी हमारी है,
हर कठिनाई आसान है, अगर कोशिशें जारी हैं।

हार्दिक शुभकामनाएँ।

श्रीमती अनुपमा
मुख्याध्यापिका (प्रथम पाली)

प्रातः कालीन सभा

विद्यालय का शुभ आरंभ प्रात: कालीन प्रार्थना सभा से होता है जिसके अंतर्गत छात्र विभिन्न ज्ञानवर्धक विचार व अन्य जानकारी प्रस्तुत करते हैं।

स्वागत समारोह–कक्षा प्रथम

कक्षा प्रथम में दाखिल हुए नए छात्रों हेतु स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावकों को विद्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी गई, जिससे छात्र व अभिभावक विद्यालय परिवेश से परिचित हो सकें।

राखी बनाओ प्रतियोगिता

राखी बनाओ प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों ने सुंदर व आकर्षक राखी बनाई और अपनी रचनात्मक दक्षता का अनुपम परिचय दिया।

‘कान्त’ कक्षाएँ

छात्रों हेतु ‘कान्त कक्षाओं’ का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है जिसमें छात्र विशेष अभिरुचि ले रहे हैं।

वृक्षारोपण

पर्यावरण को हरा-भरा, स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए छात्रों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

पतंग बनाओ प्रतियोगिता

छात्रों की कलात्मकता को विकसित करने के लिए पतंग बनाओ व सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्पिक मैके

बसंत पंचमी पूजा

अपने देश की संगीत कला से परिचित कराने के लिए विद्यालय में 'स्पिक मैके' कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई।

आनंदवार

प्राथमिक विभाग में शनिवार के दिन को छात्रों के लिए 'आनंदवार' के रूप में मनाया जाता है जिसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

रंगोली प्रतियोगिता

छात्रों द्वारा सुंदर व आकर्षक रंगोली बनाई गई।



सद्भावना दिवस

सभी धर्मों में आपसी प्रेम व भाई-चारा विकसित करने के लिए सद्भावना दिवस मनाया गया।

स्वच्छता अभियान

स्वच्छता के महत्त्व को समझाने के लिए छात्रों द्वारा विद्यालय स्तर पर 'स्वच्छता अभियान' चलाया गया।

पुस्तकालय सप्ताह

पुस्तकों के प्रति छात्रों में रुचि उत्पन्न करने हेतु 'पुस्तकालय सप्ताह' मनाया गया।

बाल-दिवस

14 नवंबर को बाल-दिवस के रूप में मनाया गया। छात्रों ने विविध वेषभूषा पहनकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पराक्रम दिवस

विद्यालय में पराक्रम दिवस मनाया गया तथा इस अवसर पर छात्रों ने विविध कार्यक्रम सम्पन्न किए।

स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस समारोह

विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं प्राचार्य द्वारा छात्रों को मिष्ठान का वितरण किया गया।

सामुदायिक भोज

भारत के विभिन्न राज्यों के व्यंजनों के स्वाद की झलक दिखाने के लिए तथा मिल-बाँट कर खाने की भावना को विकसित करने के लिए सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया।

खेल–कूद दिवस

विद्यालय स्तर पर वार्षिक खेल–कूद दिवस मनाया गया। छात्रों ने विभिन्न खेल–कूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया व पुरस्कार अर्जित किए।

पुरस्कार वितरण

विभिन्न शैक्षणिक व पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए।

वयोवृद्ध सम्मान समारोह

छात्रों के वयोवृद्ध अभिभावकों (दादा–दादी व नाना–नानी) को सम्मान देने के लिए यह समारोह मनाया गया। उनके लिए अनेक प्रकार के मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। छात्रों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

कब और बुलबुल

'कब और बुलबुल' के अंतर्गत छात्र अनुशासन व नियम से रहना सीखते हैं। इसमें विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है।

झलकियाँ